दैनिक जागरण 02/11/2026

11 कृषि विज्ञानियों को मुख्यमंत्री प्रशंसा पत्र



मुख्यमंत्री प्रशंसा पत्र प्राप्त करने वाले सीएसए के कृषि विज्ञानियों के साथ उपस्थित पूर्व कुलपति डा. अशोक कुमार और वर्तमान कुलपति डा. संजीव गुप्ता● सीएसए

कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 11 कृषि विज्ञानियों को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रशंसा पत्र मिला हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डा.अशोक कुमार और कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने विज्ञानियों को प्रशंसा पत्र दिए। सम्मानित विज्ञानियों में डा. महक सिंह, डा. विजय यादव, डा. कौशल कुमार, डा. वीके त्रिपाठी, डा. रामजी गुप्ता, डा. संजीव सचान, डा. संजीव शर्मा, डा. अखिलेश मिश्रा, डा. सर्वेश कुमार, डा. पीके राठी और डा. उमानाथ शुक्ला शामिल हैं। (वि.)

हिंदुस्तान 02/11/2026

सीएम ने भेजा 11 वैज्ञानिकों को प्रशंसा पत्र

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 11 कृषि वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र भेजा है। जिसे विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता व विवि के पूर्व कुलपति प्रो. अशोक कुमार ने सभी वैज्ञानिकों को प्रेषित किया।



सीएसए में कार्यक्रम के दौरान सीएम के प्रशंसा पत्र के साथ वैज्ञानिक।

विवि में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. अशोक कुमार और कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से कृषि वैज्ञानिकों को पत्र देने के साथ सम्मानित किया। प्रशंसा पत्र पाने वाले वैज्ञानिकों में डॉ. महक सिंह, डॉ. विजय यादव, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. राम जी गुप्ता, डॉ. संजीव सचान, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. पीके राठी एवं डॉक्टर उमा नाथ शुक्ला शामिल हैं। यह सम्मान कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वैज्ञानिकों को दिया गया है।

अमर उजाला 02/11/2026

खोलने का निर्णय लिया गया। (संवाद)

सीएम ने वैज्ञानिकों के लिए भेजा प्रशंसा पत्र



सीएसए में सम्मानित किए गए वैज्ञानिक। स्रोतः संस्थान

कानपुर। कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 11 कृषि वैज्ञानिकों को प्रशंसा पत्र भेजा है। विवि में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. अशोक कुमार और कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से कृषि वैज्ञानिकों को पत्र देने के साथ सम्मानित किया। प्रशंसा पत्र पाने वाले वैज्ञानिकों में डॉ. महक सिंह, डॉ. विजय यादव, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. राम जी गुप्ता, डॉ. संजीव सचान, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. पीके राठी एवं डॉक्टर उमा नाथ शुक्ला शामिल हैं। (ब्यूरो)

32.0°
अधिकतम
21.0°
न्यूनतम
www.twitter.com/worldkhabarexpress
www.facebook.com/worldkhabarexpress
www.youtube.com/worldkhabarexpress

WORLD
खबरें एक्सप्रेस



www.worldkhabarexpress.media | www.worldkhabarexpress.com | Daily Evening E-Paper | रविवार, 01 नवम्बर, 2026, अंक : 1059

सीएसए के 11 कृषि वैज्ञानिकों को मुख्यमंत्री ने भेजे प्रशंसा पत्र

पूर्व कुलपति और कुलपति ने संयुक्त रूप से वैज्ञानिकों को सौंपे सम्मान पत्र, कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा





कानपुर (वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 11 कृषि वैज्ञानिकों को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रशंसा पत्र भेजे गए हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व कुलपति डॉ. अशोक कुमार और वर्तमान कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी चयनित वैज्ञानिकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. अशोक कुमार ने सम्मानित होने वाले सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से दिया गया यह सम्मान कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में वैज्ञानिकों के योगदान को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को इस तरह सम्मानित किए जाने से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है।

विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से प्रेषित प्रशंसा पत्र कृषि वैज्ञानिकों के कार्यों की सराहना के साथ उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, अनुसंधान और नए कृषि नवाचारों को और गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वैज्ञानिक अपने शोध और तकनीकी प्रयासों के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने की दिशा में लगातार कार्य करते रहेंगे।

प्रशंसा पत्र प्राप्त करने वाले वैज्ञानिकों में डॉ. महक सिंह, डॉ. विजय यादव, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. रामजी गुप्ता, डॉ. संजीव सचान, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. अखिलेश मिश्रा, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. पीके राठी और डॉ. उमनाथ शुक्ला शामिल हैं। वैज्ञानिकों को मिले इस सम्मान से विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। विश्वविद्यालय परिवार ने सभी सम्मानित वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।